तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/9/24	पत्रावली आदेश वास्ते पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर से प्रकरण में पुनः नवीन निर्णय पारित करने के निर्देश सहित प्राप्त हुई। प्रार्थी पक्ष उपस्थित। अप्रार्थी उपस्थित नही हुये। प्रार्थी की ओर से अपनी बहस मे कथन किया है कि प्रार्थी का बड़ा बेटा बबलू उर्फ गजानन्द व उसका परिवार मेरे मकान की प्रथम मंजिल के रूस पर स्नान करते है एवं कपड़े धोते है। मकान के भू–तल पर स्नान घर होते हुये भी स्नान घर में स्नान नही करते है और कपड़े भी नही धोते है। रूस पर स्नान करने एवं कपड़े धोने से रूस के सरियों में जंग लग गया है एवं भविष्य में स्नान करना बंद नही किया गया तो रूस के नीचे गिरने की पूर्ण सम्भावना है। अतः अप्रार्थी को पाबंद किया जावे कि रूस पर स्नान करना, कपड़े धोना बंद करके मरम्मत कराई जावे। बाद बहस पत्रावली का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन प्रार्थी की प्रार्थना पत्र स्वीकार कर अप्रार्थी को पाबंद किया जाता है कि मकान की प्रथम मंजिल के रूस पर स्नान नही करे एवं कपड़े नही धोये। प्रार्थी के शांतिपूर्वक निवास में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नही करे। प्रार्थी की सेवा सुश्रुषा करें। उक्त निर्णय आज दिनांकः 23/9/24 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। गजेन्द्र सिंह उपखण्ड अधिकारी कोटा उपखण्ड अधिकारी कोटा उपखण्ड अधिकारी कोटा	